भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3249

सोमवार, 09 दिसम्बर, 2019/18 अग्रहायण, 1941 (शक)

ईएसआई के पैनलबद्ध अस्पतालों की सूची

3249. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री गजानन कीर्तिकर:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री बिद्युत बरन महतो:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पतालों की सूची का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ईएसआईसी, ईएसआईसी द्वारा पैनलबद्ध अस्पतालों में उपचार कराने पर ईएसआईसी लाभार्थियों द्वारा किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ईएसआईसी में बड़ी संख्या में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के ऐसे दावे लंबित पड़े हैं, जहां व्यय लाभार्थियों द्वारा वहन किया गया था;

(घ) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान लंबित मामलों का ब्यौरा क्या है और विशेषकर महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तर प्रदेश के आगरा क्षेत्र् में इसके क्या कारण हैं;

(ङ) ईएसआईसी के पास विशेषकर उपरोक्त राज्यों में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित दावों को कब तक निपटाए जाने की संभावना है; और

(च) सरकार द्वारा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पतालों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची संलग्न है।

(ख): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ईएसआई के लाभार्थियों को ईएसआईसी के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पतालों से नकद रहित उपचार की सुविधा प्रदान करता है। लाभार्थियों को ऐसे अस्पतालों से उपचार की सुविधा प्राप्त करने के लिए रेफरल प्रक्रिया का अनुपालन करना पड़ता है। ईएसआई के लाभार्थियों को आपातकालीन स्थिति में सीधे प्राप्त किए जाने वाले उपचार के संबंध में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम पैकेज दरों अथवा ईएसआईसी दरों या राज्य सरकार की दरों के अनुसार यथा लागू, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है।

(ग) से (च): सूचना एकत्र की जा रही है।

*

****

अनुबंध

ईएसआई के पैनलबद्ध अस्पतालों की सूची के संबंध में श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक: श्री प्रतापराव जाधव, श्री गजानन कीर्तिकर,श्री सुधीर गुप्ता और श्री बिद्युत बरन महतो द्वारा दिनांक 09.12.2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3249 के भाग (क) से संदर्भित विवरण

30.11.2019 की स्थिति के अनुसार, ईएसआईसी के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पतालों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या निम्नानुसार है:

क्रम संख्या	राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश का नाम	पैनलबद्ध अस्पतालों की संख्या
1.	असम (पूर्वोत्तर क्षेत्र)	18
2.	आंध्र प्रदेश	38
3.	बिहार	78
4.	छत्तीसगढ़	20
5.	दिल्ली	37
6.	गुजरात	29
7.	हिमाचल प्रदेश	11
8.	हरियाणा	22
9.	जम्मू और कश्मीर	17
10.	झारखंड	19
11.	कर्नाटक	183
12.	केरल	60
13.	मध्य प्रदेश	26
14.	महाराष्ट्र और गोवा	262
15.	ओडिशा	20
16.	पुडुचेरी	10
17.	पंजाब	54
18.	राजस्थान	214
19.	तेलंगाना	31
20.	तमिलनाडु	79
21.	उत्तराखंड	16
22.	उत्तर प्रदेश	58
23.	पश्चिम बंगाल	103
	कुल	**1405**

*****